# राष्ट्रीय मंच पर चमके पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के छात्र मंथन सडाना

पंतनगर। 21 जनवरी 2026। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के स्नातक छात्र मंथन सडाना ने 8–13 जनवरी, 2026 को आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में चयनित होकर उत्तराखंड एवं पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से प्राप्त 50 लाख से अधिक युवाओं में से कड़ी बहु–चरणीय एवं मेरिट आधारित प्रक्रिया के बाद मंथन सडाना का चयन हुआ, जिसे विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। नई दिल्ली में आयाजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान मंथन सडाना को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति में आयोजित संवाद सत्रों का साक्षी बनने एवं राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त हुआ। यह आयोजन प्रधानमंत्री के विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण के अंतर्गत किया गया। नई दिल्ली जाने से पूर्व मंथन सडाना ने देहरादून में उत्तराखंड के राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान मंथन सडाना ने माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय) श्री अजय टम्टा से भी भेंट एवं संवाद किया, जिसे उन्होंने अत्यंत प्रेरणादायक अनुभव बताया। मंथन सडाना ने बाताया कि यह मंच युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नीति–निर्माण और नेतृत्व की भावना से जोड़ने वाला एक सशक्त प्रयास है, जिसने उनके दृष्टिकोण को और व्यापक बनाया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान ने मंथन सडाना को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अतिरिक्त कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल एवं सलाहकार डा. संध्या रानी सहित विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

